## रिम्स ओपीडी

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिनः डॉ संजय कुमार सिंह
- ऑर्थोपेडिकः डॉ जीके गुप्ता
- कार्डियोलॉजीः डॉ पीजी सरकार
- टीबी एवं चेस्टः डॉ ब्रजेश मिश्रा
- नेत्रः डॉ सुनील कुमार
- ऑब्स गायनीः डॉ किरण त्रिवेदी
- ईएनटीः डॉ आरके चौधरी
- सीटीवीएसः डॉ विनीत महाजन
- नेफ्रोलॉजीः डॉ प्रज्ञा घोष पंत
- सायकेट्रीः डॉ अजय बाखला
- न्यूरोलॉजीः डॉ सुरेंद्र कुमार-डॉ रूपेश प्रसाद

## सदर ओपीडी

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिनः डॉ बीएन पोद्दार, डॉ लक्ष्मीकांता सोय
- ऑब्स एंड गायनीः डॉ रश्मि प्रसाद, डॉ रानी सिंह
- पीडियाट्रिक(शिशु रोग): डॉ दयानंद
- हेमाटोलॉजीःडॉ अभिषेक रंजन
- यूरोलॉजीः डॉ शैलेंद्र शुक्ला

## शहर में आज

1. बेथेसदा गैदरिंग, बेथेसदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में 10 बजे से
2. संत अन्ना गैदरिंग, पुरुलिया रोड में 11 बजे से
3. किताब उत्सव, टीआरआई में 11 बजे से
4. पुलिस पदाधिकारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला, मोरहाबादी में 10 बजे से
5. इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन, अल्बर्ट एक्का चौक पर 12:30 बजे से
6. संतोष कॉलेज ऑफ नर्सिंग में एनुअल फंक्शन, 11 बजे से
7. उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में सीआरपीएफ का मेडिकल कैंप, 11 बजे से
8. श्री राम कथा, द्वारिकाधीश मंदिर में शाम 6 बजे से
9. बैकुंठ महोत्सव, बालाजी मंदिर में 10 बजे से
10. गो सेवा आयोग की बैठक, पशुपालन निदेशालय में 1:30 बजे से

**सूचनाः** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### एयरपोर्ट थाने के मामले में अभियोजन की स्वीकृति

**रांची ।** डीसी राहुल सिन्हा ने एयरपोर्ट थाना कांड सं-49/2023 से सबंधित प्रतिवेदनों के अवलोकन के बाद शस्त्र अधिनियम की धारा-25 (1-बी) ए/26/35 के अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की. प्राथमिकी अभियुक्त बिनोद यादव को बिरसा एयरपोर्ट के सिक्युरिटी होल्ड एरिया में सिक्युरिटी चेकिंग के दौरान संदिग्ध सामान के साथ पकड़ा गया था. सामान की तलाशी लेने पर बैग से एक 5.56 एमएम गोली बरामद की गई थी. बरामद गोली के संबंध में पूछे जाने पर अभियुक्त द्वारा न कोई वैध कागजात प्रस्तुत किये गए और न ही कोई संतोषजनक जवाब दिया गया.

### कंठस्थ 2.0 के उपयोग पर कार्यशाला आयोजित

**रांची।** राजभाषा विभाग द्वारा मानव विकास के प्रकाश कक्ष में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन जीएम सीसीएल आरके पांडेय ने किया. राजभाषा अधिकारी डॉ. दिविक दिवेश ने कंठस्थ 2.0 के बारे में जानकारी दी. ज्ञात हो कि कंठस्थ 2.0 ट्रांसलेशन मेमोरी पर आधारित एक सॉफ्टवेयर है, जिससे अनुवाद प्रक्रिया में सहायता मिलती है. कार्यशाला में लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया. यह कार्यशाला दो सत्रों में आयोजित की गयी.

### ब्रिटिश हाई-कमिश्नर ने साइबरपीस सचिवालय और आरयू-आईईटीआई सेंटर का दौरा किया

# डॉ. एंड्रयू फ्लेमिंग ने इंडो-ब्रिटेन के बीच साइबर सुरक्षा सहयोग पर चर्चा की

**संवाददाता। रांची**

उत्तर और उत्तर पूर्व भारत के लिए ब्रिटिश उप उच्चायुक्त डॉ. एंड्रयू फ्लेमिंग यूनाइटेड किंगडम और भारत के बीच सहयोगात्मक वैश्विक प्रयासों पर चर्चा करने के लिए दो दिवसीय व्यापक यात्रा पर निकले. दोनों देशों के बीच साइबर सुरक्षा सहयोग पर चर्चा होगी. इस यात्रा में रांची विश्वविद्यालय के साइबरपीस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, रांची के साइबरपीस सचिवालय में प्रमुख बैठकें और साइबर पीस कैफे और सोशल मीडिया क्रिएटर्स स्टूडियो का शुभारंभ किया गया. यात्रा के दौरान, चर्चा साइबर सुरक्षा में भारत-ब्रिटेन साझेदारी और डिजिटल सुरक्षा उपायों को मजबूत करने में साइबरपीस द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर केंद्रित रही.

यात्रा का एक मुख्य आकर्षण साइबर सुरक्षा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम का अनावरण था, जो साइबरपीस फाउंडेशन, रांची विश्वविद्यालय और इंस्टीट्यूशन ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियर्स के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास है. इससे पहले बुधवार को हाई-कमिश्नर ने रांची यूनिवर्सिटी साइबरपीस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में प्रमुख हितधारकों के साथ चर्चा की और केंद्र द्वारा संचालित परिचालन तंत्र, हमले की निगरानी प्रक्रियाओं और अनुसंधान गतिविधियों की गहन समझ हासिल की. केंद्र के कार्यों में गहरी रुचि व्यक्त करते हुए, डॉ. फ्लेमिंग ने इसे यहां संचालित सबसे परिष्कृत नेटवर्कों में से एक के रूप में सराहा. उन्होंने साइबरपीस द्वारा प्रकाशित रिपोर्टों के बारे में गहराई से चर्चा की और दैनिक जीवन में आने वाले साइबर सुरक्षा खतरों से निपटने में उनके योगदान के महत्व को स्वीकार किया.


साइबर पीस सचिवालय में ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर.

### यूके-भारत संबंधों को बदलने के लिए लक्ष्य निर्धारित किए हैं

डॉ. फ्लेमिंग ने कहा, मैं यहां अपनी यात्रा के दौरान बहुत सी चीजों के बारे में सीख रहा हूं, जिसमें झारखंड का साइबर सुरक्षा से जुड़ाव और साइबर सुरक्षा के दोनों पहलुओं में झारखंड का योगदान शामिल है. यह उन महात्वाकांक्षी लक्ष्यों के लिए महत्वपूर्ण है, जो मेरे कार्यालय ने यूके-भारत संबंधों को बदलने के लिए निर्धारित किए हैं, जिसमें व्यापार, रक्षा सहयोग, हमारे लोगों के बीच बातचीत और वैज्ञानिक, तकनीकी और स्वास्थ्य क्षेत्रों में सहयोग शामिल है. सफलताएं इन क्षेत्रों में सूचना को प्रभावी ढंग से प्रवाहित रखने के लिए लचीले साइबर नेटवर्क पर भी निर्भर रहना पड़ता है.

### साइबर सुरक्षा की पढ़ाई के लिए रांची में विवि होगा

फाउंडेशन द्वारा आरयू में चलाए जा रहे पीजी डिप्लोमा साइबर सुरक्षा पाठ्यक्रम के महत्व और रांची विवि में साइबर सुरक्षा में पीजी डिप्लोमा करने के साथ आने वाले अवसरों पर जोर देते हुए हाई कमिश्नर ने कहा, रांची विवि के साथ सहयोग की संभावना है. यहां साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में अध्ययन के लिए विवि होगा. इसमें अवसर होंगे, न केवल झारखंड में बल्कि दुनिया भर में नौकरियां बढ़ेंगी और साइबर सुरक्षा कर्मियों की पर्याप्त मांग होगी.भावी छात्र, पेशेवर और साइबर सुरक्षा में करियर तलाशने के इच्छुक अधिक जानकारी के लिए साइबरपीस या रांची विवि से संपर्क कर सकते हैं.

### मुख्यमंत्री से मिले ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर, यूके आने का दिया निमंत्रण



**रांची।** ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर (कोलकाता) डॉ एन्ड्रयु फ्लेमिंग ने झारखंड विधानसभा में सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की. डॉ एन्ड्रयु फ्लेमिंग ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को यूके आने के लिए आमंत्रित किया. उन्होंने यूके सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन और डिपार्टमेंट ऑफ बिजनेस एंड ट्रेड की तरफ से सीएम को आमंत्रित किया. डॉ एन्ड्रयु फ्लेमिंग ने शिक्षा के क्षेत्र में किये गये कार्यों के लिए झारखंड सरकार की सराहना की. मुख्यमंत्री ने यूके सरकार द्वारा दिए आमंत्रण पर ब्रिटिश डिप्टी हाई कमिश्नर के प्रति आभार व्यक्त किया. कहा कि पारस्परिक सहयोग के साथ आगे बढ़ने के लिए झारखंड तत्पर है. मुलाकात के दौरान दोनों के बीच शिक्षा के साथ-साथ खेल, पर्यटन, क्लाइमेट चेंज, सस्टेनेबल माइनिंग इत्यादि जैसे क्षेत्रों में विकास और संभावनाओं पर चर्चा हुई. इस मौके पर मुख्य सचिव एल ख्यांगते, सीएम के सचिव विनय चौबे, ब्रिटिश डिप्टी हाई कमीशन ऑफिस के अरुणाभ भट्टाचार्य और अमित सेनगुप्ता मौजूद थे.

## सिटी अपडेट

### विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा बैठक

**रांची।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत रांची नगर निगम द्वारा शहर भर में शिविर का आयोजन किया जा रहा है. इसी कड़ी में गुरुवार को केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के अपर सचिव शिविर सुनील कुमार बरनवाल की अध्यक्षता में निगम कार्यालय में विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के साथ बैठक की गई. बैठक में नगर निगम प्रशासक, उप विकास आयुक्त, अपर प्रशासक, उप प्रशासक, सहायक प्रशासक, तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे. बैठक में उन्होंने आयोजित होने वाली शिविरों की जानकारी ली. बैठक में उन्होंने प्रचार प्रसार के लिए प्रतिनियुक्त वैन में क्यूआर कोड, एलईडी स्क्रीन, माईक, संकल्प इत्यादि तथा इसके संचालन की जानकारी ली. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को वैन से संबंधित सारी चीजों को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.

### सीसीएल अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय रांची के निर्देशन पर कथारा स्थित ऑफिसर्स क्लब बोकारो में दो दिवसीय सीसीएल अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता का ओवरऑल विजेता ढोरी क्षेत्र तथा उप विजेता कथारा क्षेत्र रहे. ज्ञात हो कि इस दो दिवसीय अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में सीसीएल मुख्यालय सहित कथारा, ढोरी, बी एंड के, सीएआरएस बरकाकाना, चरही (हजारीबाग), एनके, पिपरवार तथा रजरप्पा क्षेत्र के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था. विजेता प्रतिभागियों को क्षेत्र के महाप्रबंधक डीके गुप्ता, महाप्रबंधक उत्खनन जेएस पैकरा, सीसीएल मुख्यालय के मुख्य खेल प्रबंधक आदिल हुसैन, कथारा क्षेत्र के एसओपी जयंत कुमार द्वारा पुरस्कार स्वरूप प्रशस्ति पत्र व गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया.

### लोस चुनाव को लेकर पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

**रांची ।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के सफल क्रियान्वयन को लेकर रांची जिला के सभी 318 सेक्टर के लिए सेक्टर एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई. इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक का संयुक्तादेश जारी किया. प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को निहित प्रावधानों के अनुसार अपने दायित्वों के निर्वहन का आदेश दिया गया है. जारी आदेश में पदाधिकारी को अपने सेक्टर में पडने वाले बूथों का भौतिक निरीक्षण करने एवं बूथों में बूथों का नाम, दीवार लेखन, भवन, बिजली, पेयजल, शौचालय, रैम्प, उपस्कर, रूट इत्यादि की स्थिति से एक सप्ताह के अन्दर विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन तैयार कर जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा गया.

### डिलिस्टिंग महारैली का विरोध, डीसी को सौंपा ज्ञापन



**रांची।** झारखंड क्रिश्चियन युथ एसोसिएशन ने डिलिस्टिंग महारैली का विरोध किया है. यह महारैली 24 दिसंबर को होनेवाली है. एसोसिएशन की ओर से गुरुवार को रांची के उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें डिलिस्टिंग महारैली पर अविलंब रोक लगाने की मांग की गयी है. यह जानकारी गुरुवार को मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका के समक्ष गुरुवार को प्रेस वार्ता के दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने दी. जेसीवाईए के महासचिव संदीप उरांव ने कहा कि इस तरह की रैलियां लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए सही नहीं हैं. इसलिए डिलिस्टिंग के विरोध में रांची डीसी को ज्ञापन सौपा.

### झारखंड में शिक्षा विभाग कराएगा एसजीएफआई प्रतियोगिता

**रांची।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के तहत राष्ट्रीय स्कूली खेल के आयोजन को लेकर झारखंड खेल विभाग और शिक्षा विभाग में लगातार खींचतान देखी गयी. शुभम संदेश से बातचीत में शिक्षा विभाग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने एसजीएफआई प्रतियोगिता कराने को लेकर विभाग की बात साफ कर दी है. उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग ही एसजीएफआई की प्रतियोगिता कराएगा. झारखंड को 6 खेलों की मेजबानी मिली है. जिसके लिए विभाग पूरी तरह से तैयार है. उन्होंने कहा कि हम बच्चों के विकास पर काम कर रहे हैं. सभी सुविधाओं के साथ बच्चों को दूसरे राज्य खेलने भेजा जा रहा है. उन्हे कोई भी कठिनाई न हो इसका विभाग पूरी तरह से ख्याल रख रहा है. अभी खिलाड़ियों को फ़्लाइट से भी खेलने भेजा गया है, जो बड़ी बात है.

### लोकतंत्र की हत्या के विरोध में विरोध प्रदर्शन आज

**रांची ।** रांची भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय में इंडिया के बैनर तले घटक दलों की बैठक झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुस्ताक अंसारी की अध्यक्षता में हुई. नेताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लगातार लोकतंत्र की गला घोट रही है. मोदी सरकार के हाथों लोकतंत्र संविधान अब तो देश के सांसद भी सुरक्षित नहीं है. भारतीय जनता पार्टी के संसद के अनुसार संसद के अंदर तांडव मचाने वाले को बचाने के लिए 151 सांसदों को निष्कासित कर दिया गया. यह लोकतंत्र हत्या है, देश में आपातकाल की स्थिति है. सदन में जबरदस्ती गैर कानूनी सभी फैसले लिए जा रहे हैं. गैर संवैधानिक तरीके से देश के विपक्षी नेताओं पर कार्रवाई की जा रही है. आने वाले दिन महागठबंधन इंडिया मजबूत तरीके से लोकतंत्र देश की हिफाजत के लिए संविधान को बचाने के लिए सड़कों पर उतरेगी. 22 दिसंबर को रांची जिला स्कूल के मैदान से आक्रोश मार्च जो राजभवन तक जाएगा और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा.

### केंद्र लोकतंत्र की हत्या करना चाहता है : ठाकुर

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कही संसद की सुरक्षा में हुई चूक मामले में पीएम और गृहमंत्री का सदन में बयान नहीं देना और विपक्षी सांसदों को सस्पेंड करना यह दर्शाता है कि केंद्र सरकार लोकतंत्र की हत्या करना चाहती है. केंद्र का यह कृत्य लोकतांत्रिक सिद्धांतों और मूल्यों की नग्न हत्या है. मोदी सरकार विपक्ष मुक्त संसद देखना चाहती है, ताकि अहम बिलों को मनमाने ढंग से पारित कर सके. सरकार संसद की सुरक्षा को नजरअंदाज कर लोगों का ध्यान भटकाने का काम कर रही है, ताकि गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं की बात संसद में न गूंजे. लेकिन जब तक हम रहेंगे, इनकी आवाज बुलंद करते रहेंगे. इस क्रम में इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ केंद्र सरकार के तानाशाही रवैये व विपक्षी दलों के 150 सांसदों के निलंबन के विरोध में शुक्रवार को पूर्वाह्न 10.30 बजे शहीद चौक से राजभवन रांची तक 'आक्रोशपूर्ण विरोध मार्च' निकाला जाएगा, जिसमें प्रदेश के पदाधिकारियों, अग्रणी मोर्चा के अध्यक्ष व पदाधिकारियों सहित सभी कांग्रेसजन शामिल होंगे.

## सीएमपीडीआई में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक



**संवाददाता। रांची**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) की बैठक गुरुवार को सीएमपीडीआई के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक नराकास मनोज कुमार की अध्यक्षता में हुई. सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, डिप्टी जीएम (कार्मिक और प्रशासन) सुमन रस्तोगी तथा राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के सहा. निदेशक निर्मल दूबे सहित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के 25 प्रतिनिधि उपस्थित थे.

मनोज कुमार ने कहा कि नराकास के गठन का उद्देश्य ही यह है कि आपसी विचार विमर्श से राजभाषा कार्यान्वयन को गति दी जा सके. इसी को ध्यान में रखते हुए सीएमपीडीआई नराकास की बैठकों का आयोजन करता रहता है. इसके साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि हिंदी में पत्राचार, राजभाषा अधिनियम एवं नियम के संबंध में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में हमें हर संभव प्रयास करना चाहिए. लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में यदि किसी समस्या का सामना करना पड़ता है तो नराकास के इस मंच का हमें उपयोग करना चाहिए. साथ ही अन्य भारतीय भाषाओं एवं क्षेत्रीय भाषाओं के साथ हिंदी के आदान-प्रदान, संस्थागत और व्यक्तिगत प्रयासों, तकनीकी नवाचारों तथा मिशन मोड के माध्यम से राजभाषा कार्यान्वयन को गति प्रदान की जा सकती है. इस बैठक में मेकॉन लिमिटेड रांची द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया. सदस्य कार्यालयों की तिमाही प्रगति रिपोर्ट के आधार पर राजभाषा कार्यान्वयन में उनकी प्रगति का आकलन किया गया तथा अध्यक्ष द्वारा इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए.

### विस अध्यक्ष पर लगाया सरकार के इशारे पर चलने का आरोप

## इंडिया के खिलाफ भाजपा ने किया आक्रोश प्रदर्शन

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

भारतीय जनता पार्टी रांची महानगर की ओर से गुरुवार को महानगर अध्यक्ष के.के गुप्ता के नेतृत्व में जिला स्कूल मैदान से उपायुक्त कार्यालय तक आक्रोश प्रदर्शन मार्च निकाला गया. इस दौरान भाजपा के हजारों कार्यकर्ता हाथों में सरकार विरोधी नारे लिखे तख्तियां एवं झंडे लेकर नारेबाजी करते हुए जुलूस के रूप में जिला स्कूल मैदान से उपायुक्त कार्यालय पहुंचे.

साथ ही कार्यालय के समीप धरना भी दिया. मौके पर धरना को संबोधित करते हुए केके गुप्ता ने कहा कि इंडिया अलायंस के द्वारा देश के उपराष्ट्रपति, राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के अपमान से पूरा ओबीसी एवं जाट समाज के साथ-साथ पूरा देश अपमानित महसूस कर रहा है. इंडिया एलायंस में शामिल भ्रष्टाचारियों की जमात ने कभी देश के आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का तो कभी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तो कभी उप राष्ट्रपति महोदय का अपमान कर देश को कलंकित किया है. इस अपमानजनक घटना के लिए इंडी एलायंस के पोस्टर बॉय राहुल गांधी को अविलंब देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए. गुप्ता ने झारखंड विधानसभा प्रकरण पर कहा कि झारखंड विधानसभा अध्यक्ष सत्ताधारी दल के इशारे पर भारतीय जनता पार्टी के विधायकों को अपमानित कर रहे हैं. जनता की आवाज उठा रहे विपक्ष के विधायकों को सदन से निलंबित करना झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता के आवाज को दबाने जैसा है. राज्य में कानून का इकबाल समाप्त हो चुका है. राज्य में लूट, हत्या एवं बलात्कार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं. भ्रष्टाचार के मामले में झारखंड देशभर में सुर्खियां बटोर रहा है. मौके पर पार्टी के सुबोध सिंह गुड्डू ने कहा कि झारखंड की जनता कांग्रेस- झामुमो की भ्रष्ट सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए आतुर है. आक्रोश प्रदर्शन एवं धरने का संचालन महामंत्री वरुण साहु एवं धन्यवाद ज्ञापन जितेन्द्र सिंह पटेल ने किया. आक्रोश प्रदर्शन में मुख्य रूप से सत्यनारायण सिंह, सीमा शर्मा, रमेश सिंह, संजीव विजयवर्गीय, ज्योति सिन्हा, अनिता क्षेत्री सहित हजारों पार्टी कार्यकर्ता भी शामिल हुए. विरोध प्रदर्शन के पश्चात पांच सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी, रांची से मिल कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बर्खास्तगी की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा.


रांची में भाजपा ने निकाला आक्रोश मार्च, सौंपा ज्ञापन.

### टली बैठक : मुख्य सूचना आयुक्त सहित सूचना आयुक्तों की नियुक्ति में होगा विलंब

## फिर से निकलेगी वेकेंसी, जल्द शुरू की जाएगी नयी प्रक्रिया

**संवाददाता। रांची**

मुख्य सूचना आयुक्त सहित सूचना आयुक्तों के कुल 13 पदों पर नियुक्ति का मामला फिलहाल टल गया है.अब इसके लिए फिर से नए सिरे से वेकेंसी निकाली जाएगी. सरकार को मुख्य सूचना आयुक्त के लिए 63 और 5 सूचना आयुक्तों के पद के लिए 354 आवेदन मिले थे. झारखंड विधानसभा परिसर में गुरुवार दोपहर मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए चयन समिति की बैठक हुई. इसमें 2017 की भाजपा (रघुवर) सरकार, फिर 2020 में हेमंत सरकार में निकाली गई वेकेंसी के आधार पर नियुक्ति नहीं करने का निर्णय हुआ.चयन समिति में सीएम हेमंत सोरेन के अलावा नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और कल्याण मंत्री चंपाई सोरेन भी शामिल थे.

**चयन समिति की बैठक में लिया गया निर्णय**

### आयोग के सभी पद खाली 7,657 अपीलवाद पेंडिंग

राज्य सूचना आयोग में 8 मई 2020 से ही मुख्य सूचना आयुक्त एवं सूचना आयुक्तों के पद रिक्त हैं. सूचना आयुक्त सह प्रभारी मुख्य सूचना आयुक्त की सेवानिवृत्ति के बाद से ही पद खाली होने के कारण मामलों की सुनवाई नहीं हो पा रही है. आयोग में अपीलवाद के 7,657 और शिकायतवाद के 71 आवेदन सुनवाई के लिए लंबित हैं.

### विधायक बिरंची नारायण ने विस में उठाया था मामला

सीएम की अध्यक्षतावाली समिति ने सर्वसम्मति से फैसला लिया कि मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए नए सिरे से वेकेंसी निकाली जाएगी. शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने नियुक्ति का मामला सदन में उठाया था. इससे पहले चयन समिति की बैठक 16 नवंबर होनी थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर कर दी गयी थी. ज्ञात हो कि नेता प्रतिपक्ष को लेकर विवाद के कारण चयन समिति की बैठक नहीं हो पा रही थी. बीजेपी विधायक अमर कुमार बाउरी को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने के बाद इन पदों पर नियुक्ति का रास्ता साफ हुआ था.

**आयोजन** — एलईबीबी बांग्ला स्कूल में 25 से शुरू होगी 30 दिवसीय नाट्य कार्यशाला

## 25 से युवा सीखेंगे नाटक में अभिनय की बारीकियां

**संवाददाता। रांची**

झारखंड की अग्रणी नाट्य संस्था एक्स्पोजर और इलइबीबी बांग्ला स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में 25 दिसंबर से नाटक की बारीकियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा. यह प्रशिक्षण शिविर सह कार्यशाला 30 दिनों तक चलेगी. इस कार्यशाला में शहर के वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ कमल बोस, प्रदीप बोस, अनिकेत भारद्वाज, डॉ सुशील अंकन और एनएसडी के संजय लाल भाग लेने वाले प्रतिभागियों को अभिनय की बारीकियों से रूबरू कराएंगे.

इस कार्यशाला में नाट्य की सभी बारीकियों जैसे किन परिस्थितियों में कैसे करें अपने भावों को अभिव्यक्त, संवाद की अदायगी कैसी हो, कैसे रहें चेहरे के भाव आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा. चाहे भरत मुनि का अभिनय सिद्धांत हो या स्टेनिस्लाविस्की की रियलिस्टिक एक्टिंग थ्योरी, माइजनर एक्टिंग थ्योरी, इंटरनल एंड एक्सटर्नल एक्टिंग मेथड, अभिनय से जुड़े सभी पहलुओं का प्रशिक्षण युवाओं को दिया जाएगा. युवाओं के लिए यह एक सुनहरा अवसर होगा. अभिनय पर केंद्रित इस नाट्य कार्यशाला में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवा होने चाहिए. प्रतिभागियों का चयन ऑडिशन पद्धति द्वारा किया जाएगा. जिसके लिए रजिस्ट्रेशन दिनांक 24 दिसंबर दिन रविवार को सुबह 11 बजे से बड़ा तालाब के नजदीक बांग्ला स्कूल में प्रारंभ किया जाएगा. नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा दिल्ली के संजय लाल के निर्देशन में यह नाट्य कार्यशाला संचालित की जाएगी.


कार्यशाला में शहर के वरिष्ठ रंगकर्मी देंगे प्रशिक्षण.


शहर के युवा नाट्यकर्मियों के लिए सुनहरा मौका.

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 46 आवेदनों का निबटारा

**रांची ।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को वार्ड नं 45 तथा वार्ड नं 46 में शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें निगम द्वारा प्रदत्त सेवाओं के लिए आवेदन लिया गया तथा शिकायतों का ऑन स्पॉट निबटारा किया गया. निगम स्तर से दोनों शिविरों में कुल मिलाकर 46 आवेदनों का निबटारा ऑन स्पॉट किया गया. इसके अलावा दोनों वार्ड में जरूरतमंदों के बीच कुल 189 कंबल का वितरण भी किया गया. बता दें कि आज वार्ड नंबर 47 (वार्ड कार्यालय, जोरार, नामकुम), वार्ड नंबर 48 (डोरंडा स्टोर), वार्ड नंबर 49( सामुदायिक भवन, इंदिरा पैलेस) तथा वार्ड नंबर 50 (लेटंगा टोली, तिरंगा चौक, सामुदायिक भवन) में चार स्थलों में शिविर का आयोजन किया जाएगा.

## जेवीएम श्यामली में शिक्षकों-प्राचार्यों के लिए कार्यशाला का आयोजन


जेवीएम श्यामली में कार्यशाला में शामिल शिक्षक-शिक्षिकाएं.

**संवाददाता। रांची**

सीबीएसई, सीओई पटना के तत्वावधान में कैपिसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम के तहत जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली में शिक्षकों और प्राचार्यों में नेतृत्व क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका विषय था-लीडिंग ट्रांसफॉर्मेशन. 15 घंटे की कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में सरला बिरला पब्लिक स्कूल की प्राचार्य परमजीत कौर और चिन्मय विद्यालय, जमशेदपुर की भूतपूर्व प्राचार्य विपिन शर्मा ने कार्यक्रम का दृष्टिकोण व संसाधनों पर विस्तृत चर्चा की. कार्यशाला में रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बुंडू, खलारी, मैक्लुस्कीगंज सहित कई सीबीएसई स्कूलों से 68 शिक्षकों ने हिस्सा लिया. इस दौरान सिद्धांत, व्यवहार, मानव संसाधन प्रबंधन, इनोवेशन, नेतृत्व संवाद जैसे गहन विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई.

### संत जेवियर कॉलेज में मनाया गया क्रिसमस का जश्न, प्रभु यीशु के जीवन पर प्रकाश डाला, दिया प्रेम का संदेश

# जीवन में कम्युनिकेशन, क्रिएशन व सेलिब्रेशन जरूरी : फादर तिर्की

संवाददाता। रांची

संत जेवियर कॉलेज, रांची के शिक्षा विभाग ने 21 दिसंबर को एक हृदयस्पर्शी क्रिसमस सभा का आयोजन किया, जिसमें माननीय अतिथि, फैकल्टी सदस्य और छात्र सभी एक साथ खुशी और उत्सव की भावना से शामिल हुए. इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मुख्य अतिथि डॉ. (फादर) जस्टिन तिर्की, गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ. (फादर) नाबोर लकरा एस.जे. शामिल हुए. कार्यक्रम में विभाग से विशेष अतिथि प्रोफेसर मेल्टिना टोप्पो उपस्थित रहे. क्रिसमस सभा की शुरुआत मोमबत्ती जलाकर की गयी. कार्यक्रम में कई प्रेरक भाषण हुए. फादर रेक्टर, मुख्य अतिथि डॉ. फादर जस्टिन तिर्की, फादर प्रिंसिपल और शिक्षा विभाग की प्रमुख फादर फ्लोरेंस पूर्ति ने यीशु के जीवन पर प्रकाश डालते हुए प्रेम का संदेश दिया.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर फादर जस्टिन तिर्की ने बीएड विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत हिंदी नाटक रीढ़ की हड्डी की सराहना करते हुए कहा कि जीवन में कभी किसी परिस्थिति में हार नहीं मानने वाले एक दिन जीवन में वह जरूर हासिल करते हैं, जिसकी इच्छा उन्होंने शुरुआत में की. उन्होंने सभी विद्यार्थियों से जीवन को जीने का मंत्र 3सी के रूप में दिया. उन्होंने कहा कि जीवन कम्युनिकेशन क्रिएशन और सेलिब्रेशन है. कॉलेज के शिक्षा विभाग की प्रोफेसर शिल्पा किंडो ने धन्यवाद ज्ञापन किया.



#### गणमान्य व बुद्धिजीवियों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में रेक्टर डॉ. (फादर) एलेक्स एक्का एसजे, रजिस्ट्रार डॉ. (फादर) केनेडी सोरेन्ग, इंटरमीडिएट सेक्शन के प्रिंसिपल (फादर) अजय अनिल तिर्की, वाइस प्रिंसिपल डॉ. (फादर) प्रदीप कुजूर, इवनिंग सेक्शन के वाइस प्रिंसिपल डॉ. ( फादर) अजय अरुण मिंज, परीक्षा नियंत्रक और राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष बीके सिन्हा शामिल थे। अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष हरिश्वर दयाल, अंग्रेजी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर जूही जे.होरो, हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष जय प्रकाश पांडेय और इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष संजय सिन्हा और शिक्षा विभाग के सम्मानित फैकल्टी सदस्य जैसे डॉ. नीलिमा ज्योत्सना टोप्पो, डॉ. अनुपमा भार्गव, डॉ. नंदिता पांडेय, डॉ. सुधांशु सिरिल कुजूर, प्रो. सुधा रानी खलखो, डॉ. विक्रम बहादुर नाग, प्रो. पंकज कुमार, प्रो. जगबंधु महतो, प्रो. कविता टोपनो, प्रो. रुमा भट्टाचार्य, प्रो. अंकिता बसु उपस्थित थे.

## कैट 2023 में बी-फैक्ट्री के छात्रों का शानदार प्रदर्शन, 55 से ज्यादा हुए सफल

संवाददाता। रांची





गुरुवार को आईआईएम लखनऊ के द्वारा कैट परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है. नतीजों की घोषणा आधिकारिक वेबसाइट iimcat.ac.in पर की गई है. हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बी-फैक्ट्री के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. बी-फैक्ट्री की सौम्य कृति ने 98.28 परसेंटाइल प्राप्त किया है. इसके आलावा अमन अग्रवाल ने 97.82 परसेंटाइल, अर्पण सिंह ने 97.41 परसेंटाइल, अभिजीत ने 96.57 परसेंटाइल, प्रत्युष ने 96.50 परसेंटाइल प्राप्त किया है.

बी- फैक्ट्री के 20 छात्रों ने 90 परसेंटाइल प्राप्त किये हैं. बी-फैक्ट्री के मोहित ने डीआईएलआर में 99.35 परसेंटाइल, नबील ने 99.02 परसेंटाइल और अर्पण ने 99.83 परसेंटाइल प्राप्त किया है. इसके आलावा अभी तक हुए एनएमएटी परीक्षा में शेखर अमन ने 255, नबील ने 244, आदित्य गुप्ता ने 244, अर्पण ने 243 और अमन अग्रवाल ने 239 अंक प्राप्त किये हैं. बी-फैक्ट्री के शिक्षकों ने छात्रों को बधाई दी और कहा कि बच्चों की मेहनत और प्रयास की वजह से बी-फैक्ट्री तथा बी-फैक्ट्री के छात्रों को ये सफलता मिली है.

## आईपीएल में चुने जाने पर सुशांत के विद्यालय में हर्ष का माहौल



**रांची** । एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल, पुंदाग के पूर्व छात्र सुशांत मिश्रा की आईपीएल 2024 के लिए 2.20 करोड़ की बोली लगी है. गुजरात टाइटंस ने 2.20 करोड़ की बोली लगाकर सुशांत को अपनी टीम का हिस्सा बनाया है. वे साउथ अफ्रीका में आयोजित अंडर 19 क्रिकेट वर्ल्डकप में भारतीय टीम का हिस्सा भी रह चुके हैं. बता दें कि एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल, पुंदाग में सुशांत ने एलकेजी से बारहवीं कक्षा तक पढ़ाई की है. वे अच्छे क्रिकेटर होने के साथ एक अच्छे विद्यार्थी भी रहे हैं. गुजरात टाइटंस की टीम के लिए उनका चयन होने पर पूरे विद्यालय में हर्ष का माहौल है. उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यहां तक पहुंचने के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, लगन, दृढ़ संकल्प तथा अनवरत अभ्यास है.

### लोयोला ग्राउंड में चार दिवसीय मेले और क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन

# शीत पानी झराय...गीत पर झूमे युवा



संवाददाता। रांची

लोयोला ग्राउंड में लगे चार दिवसीय मेले व क्रिसमस गैदरिंग में गुरुवार को क्रिसमस गानों पर लोग खूब झूमे. मेले के तीसरे दिन युवाओं ने क्रिसमस गैदरिंग का आनंद उठाया. साथ ही मेले में लगे स्टॉल से खरीदारी की. मेले में अधिक बिकने वाली चीजों में क्रिसमस के पकवान हैं, जिनमें अड़ेसा, निमकी, खजूर, केक व रोज केक शामिल है. स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए मड़ुआ से बने केक की मांग काफी है, जिनकी कीमत 120 रुपये (आधे पाउंड) की है. रोज केक की कीमत 60 रुपये व खजूर एक पाव 60 रुपये बिक रहे हैं. क्रिसमस की प्रसिद्ध मिठाई अड़ेसा 100 रुपये पाव बिक रहा है.

मेले में गुरुवार को स्पर्श 2 प्वाइंट जीरो बैंड व रांची आवेग बैंड ने क्रिसमस कैरोल गाया . आवेग बैंड ने क्रिसमस सॉन्ग शीत पानी झराय .. गड़ेडिया भईया, चला तोरे भईया बहिन, चरनी उपरे का तारा का तारा टिम टिम व नागपुरी सॉन्ग में करिया करिया केस...., छम छम पायल बाजे.. कोई दीवाना पागल...पेश किया. स्पर्श टू प्वाइंट जीरो बैंड द्वारा इंग्लिश गाने की प्रस्तुति दी गयी.



जीईएल ऑफिस में गुरुवार को क्रिसमस गैदरिंग के दौरान कैरोल प्रस्तुत करते मसीही विश्वासी.

## युवाओं में विश्वास का बीज बोने की जरूरत : सांगा

**रांची** । जीईएल चर्च सेंट्रल काउंसिल की क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन गुरुवार को जीईएल ऑफिस में हुआ. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डिप्टी मॉडरेटर जोसफ सांगा ने कहा कि लोग क्रिसमस की तैयारियों में लोग जुट गये हैं. लोगों को धर्मी होने की जरूरत है. गड़ेरियों का संदेश सुनाया गया, तुम्हें डरने की जरूरत नहीं, यह आनंद का समाचार है. हमारे लिए कई तरह के भय हो सकते हैं, मृत्यु या अन्य तरह के भय होता है. यीशु दुनिया में आये और क्षमा पाने का रास्ता भी दिखाया. इसे अब समाज को बदलाने की जरूरत है कि यीशु मसीह जगत का उद्धारकर्ता है. शांतिदाता है, मुक्तिदाता है. हमें स्मरण रखने की जरूरत है यीशु मसीह फिर से हमारा न्याय करने के लिए फिर से आने वाले हैं. उनके द्वितीय आगमन की तैयारी हमें किस तरह से करनी चाहिए , पर हममें आराधना करने में कोताही बरत रहे हैं. हमें तैयार होने की जरूरत है. युवाओं में विश्वास का बीज बोने की जरूरत है. साथ ही कार्यक्रम में क्रिसमस गीत (पास आओ विश्वासियों आनंद करते आओ, गोहर घर कैइसन सुंदर चलो प्रभु का डेरा देखें ,चरनी देखा तो देखा तो यीशु बालक सुतल आह) व क्रिसमस केक कटिंग की गई.

इस अवसर पर मोडरेटर जोहन डांग, बिशप सीमांत तिर्की, बिशप मार्शल केरकेट्टा, बिशप लोलस मिंज, बिशप मुरल बिलुंग, महासचिव ईश्वर दत्त कंडुलना, अटल खेस, सोलोमन जॉन व रेव्य अमित लकड़ा, मनीष रोहित एक्का अन्य उपस्थित थे.



**खास बातें**

- जीईएल चर्च सेंट्रल काउंसिल में हुई क्रिसमस गैदरिंग
- क्रिसमस केक काट कर मनाईं गईं खुशियां

### न्यूज अपडेट

#### कराटे व किक बॉक्सिंग में विजेता खिलाड़ी सम्मानित

**रांची।** इंडियन स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट इस्मा की ओर से पिछले दिनों हुए फेडरेशन कप राष्ट्रीय प्रतियोगिता एआईकेएफ में पदक प्राप्त खिलाड़ियों व खेलो इंडिया महिला लीग एमेच्योर किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ियों को वाईएमसीए कांटा टोली में सम्मानित किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में शामिल वाईएमसीए के महासचिव चोंहस कुजूर ने कहा कि बच्चे कराटे समेत अन्य प्रतियोगिता में उत्तम प्रदर्शन कर रहे हैं. खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के लिये प्रशिक्षक बधाई के पात्र हैं. एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय सिन्हा दीपू ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ खेल के प्रति भी रुचि रखनी चाहिये. इससे शारीरिक, मानसिक व आत्मिक विकास होगा.



#### सहस्त्रनाम अर्चना कर अर्पित किया श्रद्धासुमन

**रांची ।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर बाला जी मंदिर, रातू रोड में गुरुवार से चार दिनी बैकुंठ महोत्सव प्रारंभ हुआ. इस मौके पर मंदिर और बैकुंठ द्वारा की आकर्षक पुष्प सज्जा की गयी. दर्शन-पूजन के साथ श्रद्धालुओं ने श्रीविष्णु सहस्त्रनाम अर्चना कर भक्ति में रमे रहे. दैनिक पूजन-आरती के बाद सुबह आठ बजे से अर्चना नुष्ठान शुरू हुआ. भक्तों और यजमानों ने शाम सात बजे तक चार पाली में प्रभु के विभिन्न नामों का स्मरण कर श्रद्धा के पुष्प चढ़ाये. शाम सात बजे तिरु आराधना, आरती, स्तुति के बाद भगवान को लोरी गाकर शयन कराया गया.



#### इंद्रधनुष के दूसरे दिन हुए कई कार्यक्रम

**रांची ।** मारवाड़ी कॉलेज में युवा महोत्सव - 2023 (इंद्रधनुष) का आज दूसरे दिन में मारवाड़ी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने लोक-नृत्य, क्लासिकल नृत्य और संगीत की प्रस्तुति दी. प्रतियोगिता के दौरान प्राचार्य, डॉ. मनोज कुमार के साथ कार्यक्रम समन्वयक प्रो. महामनी कुमारी, डी.एस.डब्ल्यू. डॉ. तरुण चक्रवर्ती समेत अन्य शामिल थे. प्रतिभागियों का निर्णय करने के लिए जज की भूमिका अहम थी. शुक्रवार को आखिरी दिन रिजल्ट घोषित किया जाएगा.



#### मां केयर चैरिटेबल ट्रस्ट ने कंबल वितरित किये

**रांची ।** मां केयर चैरिटेबल ट्रस्ट ने रांची के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में गर्म कपड़े सह कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया. यह कार्य्क्रम ओरमांझी प्रखंड के चंद्रा पंचायत के चिंघुटिया गांव में किया गया. समाज सेविका वंदना उपाध्याय की अध्यक्षता और गांव की मुखिया सीमा तिर्की की उपस्थिति में गांव के वास्तविक जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़े, कंबल, मौजे और खाद्य सामग्री आदि का वितरण किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य वास्तविक जरूरतमंदों के बीच पहुंच कर उन्हें लाभान्वित करना था. इसी उद्देश्य के लिए संस्था के सदस्यों द्वारा लगातार फुटपाथ पर सो रहे लोगों से लेकर सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों तक इस कार्य को किया गया.



### डीएसपीएमयू में स्पंदन युवा महोत्सव का दूसरा दिन

# संगीत पर झूमे डीएसपीएमयू के छात्र

संवाददाता । रांची

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय स्पंदन (युवा महोत्सव 2023) के दूसरे दिन क्लासिकल डांस, जनजातीय नृत्य, क्विज, एलोक्यूशन, स्पॉट फोटोग्राफी, क्ले मॉडलिंग, कोलाज और कार्टूनिंग जैसे कार्यक्रम हुए. दूसरे दिन के प्रथम सत्र में शास्त्रीय नृत्य में प्रतिभागी रिचा कुमारी, ईशा सिंह, माही गुप्ता और शोभना साहू ने अपाना नृत्य प्रस्तुत किया. जिसके जज शीतल कुमार उरांव और के प्रमिला थे.

इवेंट एलोक्युशन में कुल 44 प्रतिभागियों ने भाग लिया. इसके जज डॉ. आभा झा, डॉ. पीयूषबाला और डॉ. किरण झा मौजूद थी. कोलाज प्रतियोगिता में कुल 7 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन डॉ. नमिता लाल और डॉ. अपर्णा सिन्हा ने किया. क्विज प्रतियोगिता में कुल 9 प्रतिभागी शामिल हुए और निर्णायकों की भूमिका में डॉ. अभय कृष्ण सिंह और डॉ. शमा सोनाली थी. स्पॉट फोटोग्राफी जिसका थीम था, जॉय एंड स्माइल में कुल 14 प्रतियोगियों ने भाग लिया. इवेंट क्ले मॉडलिंग में कुल 18 प्रतिभागी भाग लिए और कार्टूनिंग में 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया. उपस्थित कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि आज इन विद्यार्थियों के उत्साह और उनकी भागीदारी को लेकर एक सकारात्मक संदेश पूरे विश्वविद्यालय परिसर में दिख रहा है, जो यह दर्शाता है कि यह आयोजन अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर है. उन्होंने कहा कि यहां के अनुभवों के द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थी आनेवाले कुछ समय के उपरांत राष्ट्रीय पटल पर विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे.



**खास बातें**

- क्लासिकल डांस, जनजातीय नृत्य, क्विज जैसे इवेंट हुए
- एलोक्युशन में कुल 44 प्रतिभागियों ने भाग लिया

## डंकी के रिलीज पर दिखा फैंस का उत्साह

**रांची ।** शाहरुख़ ख़ान की नई फिल्म डंकी गुरुवार को पूरे देश में रिलीज हुई. इस मौके पर रांची में भी शाहरूख के फैंस का सिनेमा घरों के बाहर दीवानगी देखने को मिली. पहले शो देखने के लिए फैंस न्यूक्लियस मॉल के बाहर ढोल नागाडा लेकर पहुंचे थे. फैंस पहले शो शुरू होने से पहले केक काटे और डोल बजाकर शो देखने गए. इस फिल्म के प्रशंसकों ने उम्मीद से ज्यादा फिल्म का स्वागत किया और पहली शो को जमकर भरा. डंकी की पहली शो ने सिनेमाघरों में धमाल मचा दिया और इसे एक बड़ी हिट के रूप में स्वागत किया. शाहरुख़ ख़ान की नयी फिल्म के साथ जुड़े उत्साहित फैंस ने उम्मीद से अधिक प्रतिक्रिया दी.



# संसार से नहीं, प्रेम करो परमात्मा से : विमलेश जी





संवाददाता । रांची

द्वारिकाधीश धाम श्रीराम मंदिर, गाड़ीखाना में चल रहे श्रीराम कथा के पांचवें दिन गुरुवार को प्रभु के बालकांड पर चर्चा हुई. कथावाचक आचार्य विमलेश दास जी ने विश्वामित्र संग श्रीराम और लक्ष्मण के वन गमन, तड़का, सुबाहु वध, अहिल्या उद्धार आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन कर अपने संगीतमय प्रवचन से सब को झुमाया. भक्ति और ज्ञानात्मक बातों का उल्लेख करते हुए कहा कि संसार से नहीं, परमात्मा से प्रेम करें. परमात्मा ही परमानंद की अनुभूति करायेंगे. प्रभु से कुछ मांगने की जरुरत नहीं. वे सभी के हृदय की बात जानते हैं. बसा हुआ है भगवान सब के मन मंदिर में ... जैसे भजन प्रस्तुत कर आचार्यश्री ने अपनी बातों को और भी स्वष्ट किया. कथा दिन के तीन से शाम छह बजे तक चली. महंथ अमर दास जी ने बताया कि शुक्रवार को कथा प्रसंग के क्रम में श्रीराम धनुष तोड़ माता सीता संग विवाह रचायेंगे. कथास्थल पर धूमधाम से प्रभु और माता सीता के विवाह का उत्सव मनाया जायेगा. उन्होंने श्रद्धालुओं से इसमें भाग लेने की अपील की है.

# मैथ्स में अच्छे अंक के लिए स्कोरिंग टॉपिक्स का करें अभ्यास

पियूष गौतम । रांची



सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षा की डेटशीट जारी कर दी है. 15 फरवरी से शुरू हो रही 12वीं बोर्ड के मैथ्स परीक्षा 9 मार्च को निर्धारित है. ऐसे में परीक्षा की तैयारी को लेकर डीएवी कपिलदेव में गणित के शिक्षक विजय सिंह ने छात्रों को विषय की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए हैं. मैथ्स एक बहुत ही रोचक विषय है, छात्र जितने अधिक सवालों का अभ्यास करेंगे, उनके लिए यह विषय उतना ही आसान होता चला जाएगा.

डिफरेंशियल कैल्कुलस और इंटीग्रल कैल्कुलस के रिविजन और सवालों के अभ्यास पर छात्रों को 15 से 20 दिनों का समय देना चाहिए क्योंकि ये दोनों बड़े टापिक्स हैं और इसके अभ्यास में अधिक समय देने से ही अच्छी पकड़ बनेगी. जिन छात्रों की 11वीं कक्षा में कैल्कुलस में रुचि कम रही हो, उन्हें अच्छे नंबर लाने के लिए इन टॉपिक्स को हल्के में नहीं लेनी चाहिए. सबसे आखिर में ऐसे चैप्टर पढ़ें जिसमें आपकी पकड़ कम है. इनडेफिनिट इन्टिग्रेशन और प्रोबेबिलिटी में बेस थिवरम जैसे कठिन टॉपिक्स को आखिर में पढ़ें. सबसे पहले एनसीईआरटी को सॉल्व करें और इसके बाद आरएस अग्रवाल और सैंपल पेपर से सवालों को हल करें. एनसीईआरटी के किसी भी चैप्टर में प्रश्नों का पैटर्न एक जैसा नहीं होता है इसलिए समान पैटर्न वाले प्रश्नों के अभ्यास के लिए छात्रों को आरएस अग्रवाल और सैंपल पेपर के सवालों को हल करना चाहिए. कुछ सैंपल प्रश्न पत्रों को टाइमर पर अवश्य हल करें, इससे आपकी गति और समय प्रबंधन में सुधार होगा.

**ये हैं स्कोरिंग चैप्टर्स :** मैट्रिक्स, डिटरमिनेंट्स, लिनियर प्रोग्रामिंग प्रॉब्लम, वेक्टर.

#### पहले अपने मजबूत टॉपिक पर फोकस करें

12वीं के मैथ्स को 2 पार्ट में बांटा गया है, वॉल्यूम 1 और वॉल्युम 2. सबसे पहले छात्र अपने मजबूत टॉपिक पर फोकस करें, इसके बाद ही अन्य टॉपिक्स की ओर बढ़ें. अलजेबरा में मैट्रिक्स और डिटरमिनेंट्स के चैप्टर्स में आसानी से ज्यादा से ज्यादा अंक हासिल किए जा सकते हैं, इसलिए छात्रों को सबसे पहले इन्हीं पर फोकस करनी चाहिए. इसके बाद लिनियर प्रोग्रामिंग प्रॉब्लम और वेक्टर के सवालों का जमकर प्रैक्टिस करें. इन चारों टॉपिक्स के अच्छे अभ्यास से ही छात्र परीक्षा में 40 से 45 नंबर हासिल कर सकते हैं. कैल्कुलस से अकेले 80 में से 35 अंकों के सवाल पूछे जाते हैं.






## ब्रीफ खबरें

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

**पिपरवार।** भाजपा द्वारा हेमंत सरकार के विरुद्ध चतरा जिला मुख्यालय पर आयोजित विरोध प्रदर्शन में पिपरवार मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया. मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में लूट-खसोट और भ्रष्टाचार का बोलबाला हो गया है. कांग्रेस सांसद के पास से धन का अंबार जब्त हो रहा है. प्रदर्शन में ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजेश महतो, मंडल सहसंयोजक संजय कुमार भोक्ता, युवा मोर्चा संयोजक रामलाल महतो, सुखी गंझू, शिवशंकर गंझू व जीतन महतो शामिल थे.

### अवैध बालू व गिट्टी लदे तीन वाहन जब्त

**तमाड़।** थाना क्षेत्र के रांची-टाटा राजमार्ग से गुरुवार अहले सुबह थाना प्रभारी अमित कुमार ने अवैध बालू और गिट्टी लदे तीन वाहनों को जब्त किया. गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक टर्बो और दो ट्रैक्टर को जब्त किया गया है. टर्बो में अवैध गिट्टी और दो ट्रैक्टर में अवैध बालू लोड था. बता दें कि थाना क्षेत्र में अवैध रूप से जमा कर बालू और जिप्स का कारोबार किया जा रहा है. इस क्षेत्र से प्रतिदिन रांची एवं टाटा अवैध बालू भेजा जा रहा है.

### विद्युत अभियंता पर दुर्व्यवहार का आरोप

**कांके।** दक्षिणी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बिजली विभाग के कनीय अभियंता, सहायक विद्युत अभियंता एवं विभाग के कोई प्रतिनिधि के कार्यक्रम में मौजूद नहीं रहे. इसे लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है. वहीं, पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, कांग्रेस व झामुमो के प्रतिनिधियों में भी रोष है. इस संबंध में जनप्रतिनिधियों ने विद्युत कनीय विद्युत अभियंता पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है.

### बालिका हाई स्कूल का स्थापना दिवस मना

**बुढ़मू।** प्रखंड के गर्ल्स हाई स्कूल आरा का गुरुवार को स्थापना दिवस मनाया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रांची के पूर्व सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय शामिल हुए. सुबोध कांत सहाय ने संबोधित करते हुए महंगाई व भ्रष्टाचार से संबंधित कई बातें कहीं. साथ ही केंद्र सरकार की कई कमियों को गिनाया. इससे पूर्व स्कूली बच्चों द्वारा सभी अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया. स्थापना दिवस कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता थे.

### हाथी के हमले से घायल वृद्ध की रिम्स में मौत

**सोनाहातू।** प्रखंड के चोगा गांव में बुधवार सुबह 62 वर्षीय गोविंद कोईरी को एक हाथी ने हमला कर घायल किया था. घायल को रिम्स में भर्ती कराया गया था. वन विभाग के रेंजर ने रिम्स जाकर इलाज के लिए घायल के परिजन को 50 हजार मुआवजा राशि भी दी थी. लेकिन, गुरुवार को गोविंद कोईरी की इलाज के दौरान मौत हो गई. सूचना के बाद गांव में लोग काफी आक्रोशित हैं. ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों के झुंड गांव से दूर जंगल क्षेत्र में भगाने की मांग की.

### 3.5 एकड़ में पोस्ते की खेती को किया नष्ट

**राहे।** एसएसबी 26वीं बटालियन के ए कंपनी के जवानों और पुलिस ने क्षेत्र के कनकट्टा, रामडेरा गांव के आसपास के जंगल में अभियान चला कर 3.5 एकड़ में लगी पोस्ते की खेती को नष्ट किया. इस अभियान में ए कंपनी के प्रभारी निरीक्षक जगन्नाथ उरांव, सहायक उपनिरीक्षक, चेवांग नरबू, दीपक सिंह, के. बिमल सिंह तथा मुख्य आरक्षी सामान्य राजेंद्र प्रसाद, आरक्षी संजीव मिश्रा, आर. पॉन. विजय कुमार और अनगड़ा थाना के एएसआई अमर सिंह शामिल थे.

### तमाड़ में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया

**तमाड़।** थाना क्षेत्र में गुरुवार को वाहन जांच अभियान चलाया गया. खासकर दो पहिया वाहन सवार लोगों के हेलमेट, लाइसेंस, कागजात की जांच की गयी. इस क्रम में लगभग 24 बाइक सवारों को बिना हेलमेट और लाइसेंस के पकड़ा गया. प्रशासन द्वारा सभी को हेलमेट लगाने की हिदायत देकर छोड़ दिया गया. थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि हेलमेट नहीं लगाने से सड़क दुर्घटनाओं में मौत की संख्या बढ़ रही है.

---

नामकुम में आजसू पार्टी के 23 पंचायतों के पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारियों का प्रशिक्षण संपन्न

# त्याग और आंदोलन से मिला झारखंड राज्य : देवशरण

**संवाददाता। नामकुम**



आजसू पार्टी के रांची जिला वरीय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा के आवास पर प्रखंड की 23 पंचायतों के प्रभारियों के प्रशिक्षण के लिए शिविर का आयोजन किया गया. अध्यक्षता केंद्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह और संचालन जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार महतो व महिला जिला अध्यक्ष वीणा कुमारी ने किया.

बैठक के आरंभ में केंद्रीय कमिटी के नवनियुक्त पदाधिकारी एवं सदस्यों को बारी-बारी से फूलमाला एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया. मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड राज्य में लूट और झूठ के नींव पर बनी हेमंत सरकार से आम जनमानस परेशान है. आम जनता की कोई काम बिना चढ़ावा दिए नहीं होता है. हमलोगों ने लड़ कर राज्य हासिल किया है. हमारी पार्टी माटी की पार्टी है और आजसू पार्टी के जाबांज योद्धाओं के त्याग और आंदोलन से झारखंड राज्य मिला है. आजसू पार्टी अलग झारखंड राज्य लड़ कर लेने की ताकत रखती है, तो राज्य को चलाने एवं झारखंड के आम जन मानस को बेहतर सुशासन प्रदान करने की भी क्षमता रखती है. उन्होंने सभी पंचायत प्रभारियों एवं ग्राम प्रभारियों से आह्वान किया है कि आप सभी गांव के हर वैसे दबे, कुचले व्यक्ति की आवाज बनें, जो अभाव की जिंदगी जीने को मजबूर हैं. साथ ही कहा कि प्रत्येक 10 घरों पर एक चूल्हा प्रमुख बनाएं. पार्टी में वही एक मजबूत पिलर होगा और वहीं से आप राज्य के हर दबे, कुचले और आखिरी व्यक्ति की जन भावनाओं को समझ कर संगठन को मजबूती प्रदान कर सकते हैं.

शिविर में नवनियुक्त केंद्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधीर कुमार यादव, सचिव राजेंद्र शाही मुंडा, केंद्रीय सचिव मनीष नाथ उर्फ बॉबी जी, केंद्रीय सचिव फुलकुमारी देवी, सचिव पारसनाथ उरांव, केंद्रीय सदस्य जलनाथ चौधरी, शहजाद आलम, संजीव कुमार सिंह, जुबैर खान, नगर सचिव प्रदीप जायसवाल, जिला सचिव कुदरत शेख, उमेश महतो, बीरबल बैठा, माथुर प्रसाद, मुकेश नायक, विकास साहू, छोटू नायक, राजू नायक, नामकुम प्रखंड अध्यक्ष रतनसिंह होंडा, प्रखंड सचिव बिनोद मुंडा, मनीराम महतो, अमृत महतो, राकेश सिंह, विवेक गोप, एतवा पहान, दुधेश्वर प्रमाणिक, शैलेन्द्र सिंह बिजिंया, मधु सिंह बिजिंया, अचलराय तिर्की आदि मौजूद थे.

---

अमन सिंह हत्याकांड : मोबाइल उगलने लगे राज

# एटीएस के हत्थे चढ़ा गुड्डू

**जेल के वार्ड नंबर तीन में बजरंगी, गांधी के साथ बंद दानिश के मोबाइल से गुड्डू की लगातार हुई थी बातचीत**

**जमीन कारोबारी लाला हत्याकांड का नामजद आरोपी है गुड्डू उर्फ इम्तियाज**

**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद जेल में बंद यूपी के शूटर अमन सिंह हत्याकांड के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने जेल में जब्त मोबाइलों पर पड़ताल शुरू कर दी है. मोबाइलों की पड़ताल के बाद वासेपुर रहमतगंज के रहने वाले इम्तियाजुद्दीन उर्फ गुड्डू को एटीएस ने दबोचा लिया है. गुड्डू जमीन कारोबारी लाला हत्याकांड में नामजद आरोपी है और कई सालों से पुलिस की पकड़ से फरार चल रहा था.

**जेल के अंदर से बात करने में ट्रेस हुआ गुड्डू :** खबर ये है कि अमन सिंह हत्याकांड में पूरे वारदात को अंजाम देने की रणनीति जेल के वार्ड नंबर तीन से बनी थी. इस वार्ड में विकास बजरंगी, सतीश गांधी समेत कई अन्य लोग कैद थे. इनमें से ही एक है दानिश खान, जो जमीन कारोबारी लाला हत्याकांड के मुकदमे जेल में बंद है. जेल के अंदर मोबाइल पर खुलकर बातचीत होती थी. वाट्सअप, फेसबुक समेत कई अन्य सोशल मीडिया के एप से बात होती थी जबकि कई लोग सिम के द्वारा भी जेल के बाहरी दुनिया से जुड़े थे. इनमें दानिश भी शामिल था. अमन सिंह की हत्या से पहले दानिश और गुड्डू के बीच बातचीत मोबाइल पर लगातार बातचीत हुई थी. इसी मोबाइल के आधार पर एटीएस की टीम ने इम्तियाज को ट्रेस किया और गुरुवार को सर्वमंगला अस्पताल परिसर से दबोच लिया. इम्तियाज उर्फ गुड्डू भी जमीन कारोबारी लाल हत्याकांड का नामजद अभियुक्त है. गुड्डू कई सालों से पुलिस की गिरफ्त से बचा हुआ था और पुलिस को लगातार चकमा देने में कामयाब था. लेकिन जब जेल से बरामद मोबाइलों को एटीएस ने खंगालना शुरू किया तो दानिश के मोबाइल के काल डिटेल में गुड्डू की जानकारी हाथ लगी. पुलिम मोबाइल लोकेशन के आधार पर उसे ट्रेस करने लगी. इसके बाद गुरुवार को दिन करीब डेढ़ बजे गुड्डू अपनी पत्नी को लेकर सर्वमंगला नर्सिंग होम आया था. जहां से पुलिस ने उसे दबोच लिया. फिर पुलिस उसे तत्काल वहां से लेकर राजगंज थाना ले गई.

### देर शाम वासेपुर में शुरू हुई छापेमारी

राजगंज में गुड्डू से पूछताछ के बाद देर शाम पुलिस की टीम वासेपुर आ धमकी. वासेपुर के नूरी मस्जिद इलाके में सिटी एसपी अजीत कुमार दलबल के साथ पुलिस टीम छापेमारी कर रही है. यहां पुलिस को लाला हत्याकांड और अमन सिंह हत्याकांड के मामलों में कई संदेहियों की तलाश है. एटीएस रांची और धनबाद पुलिस टीम दोनों मिलकर छापेमारी कर रही है. हालांकि गुड्डू को पकड़े जाने के खबर वासेपुर में खबर फैल चुकी थी. इस कारण पुलिस को देर शाम कोई कामयाबी नहीं मिल पाई थी.

### पप्पू पाचक का भाई है इम्तियाज उर्फ गुड्डू



इम्तियाज उर्फ गुड्डू के बारे में बताया जा रहा है कि वह पप्पू पाचक का छोटा भाई है. पप्पू पाचक को भी गैंगवार में गोलियां मारी गई थी. पप्पू पाचक पर जून 2017 में पुराना बाजार में ईद की चांद रात को खरीदारी करते समय गोलियां बरसाई गई थीं. हालांकि तब वह बच गया था, लेकिन बाद में इस गोलीबारी के जख्मों से कभी ठीक नहीं हो सका और उसकी मौत हो गई.

### लाला हत्याकांड में आरोपी है गुड्डू

जमीन कारोबारी लाला खान की हत्या मई 2021 को वासेपुर में हुई थी. जब्बार मस्जिद के समीप लाला उर्फ सरफुल हसन को बाइक सवार अपराधियों ने गोली मार दी थी. जिससे उसकी मौत हो गई थी. इस वारदात में मिस्टर खान, उसके भाई गुड्डू समेत कई अन्य आरोपी अभियुक्त बनाए गए थे. इनमें से गुड्डू फरार चल रहा था. जिसे गुरुवार को एटीएस रांची ने दबोच लिया.

### हत्याकांड में कनेक्शन खंगालेगी पुलिस

धनबाद जेल के वार्ड नंबर तीन में कैद रहने वाले दानिश और गुड्डू के बीच होने वाली बातचीत का क्या मकसद था, ये जानना पुलिस के लिए काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि पुलिस अमन सिंह हत्याकांड में इन दोनों के बीच का कनेक्शन खंगालने का काम कर रही है. क्योंकि जेल में पिस्टल पहुंचने की सच्चाई अभी तक पुलिस से दूर है. इस कारण पुलिस को पूछताछ करनी है.

### प्रिंस खान ने फिर मांगी एक करोड़ की रंगदारी

धनबाद पुलिस के लिए सिरदर्द बने प्रिंस खान ने फिर रंगदारी मांगी है. इस बार सर्वमंगला नर्सिंग होम के डायरेक्टर हरदेव प्रसाद को मोबाइल पर मैसेज कर एक करोड़ रुपये की मांग की है. नहीं देने पर बुरे परिणाम की धमकी दी है. इस मामले की शिकायत हरदेव प्रसाद ने बरवाअड्डा थाने में की है. साथ ही एसएसपी धनबाद को शिकायत देक जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है. शिकायत के बाद पुलिस की एक टीम सादे लिबास में सर्वमंगला नर्सिंग होम में लगाई गई है.

---

### उलगुलान डीलिस्टिंग रैली की तैयारी जोरों पर

**कांके।** जनजाति सुरक्षा मंच के क्षेत्रीय संयोजक संदीप उरांव ने बताया की उलगुलान डीलिस्टिंग महारैली की तैयारी पूरे जोर-शोर से की जा रही है. सरकार द्वारा मोरहाबादी मैदान आवंटित होने के पश्चात मंच और टेंट का काम शुरु हो गया है. रैली में आने के लिए सभी जिलों में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है. जनजाति सुरक्षा मंच की डीलिस्टिंग रैली 24 दिसंबर को आयोजित है. इसमें धर्मांतरित आदिवासियों को अनुसूचित जनजाति की सूची से हटाकर आरक्षण की सुविधा से वंचित करने की मांग की जाएगी. महारैली के मुख्य वक्ताओं में जनजाति सुरक्षा मंच के संरक्षक पद्म भूषण कड़िया मुंडा, राष्ट्रीय संयोजक गणेशराम भगत, प्रकाश सिंह उईके, सत्येन्द्र सिंह खेरवार, राजकिशोर हांसदा, संदीप उरांव, मेघा उरांव, पिंकी खोया, अंजली लकड़ा, ललिता मुर्मू रहेंगी.

### पैराडाइज एकेडमी में वार्षिक उत्सव की धूम

**मांडर।** पैराडाइज एकेडमी में गुरुवार को विद्यालय के 10वें वार्षिकोत्सव की धूम रही. बतौर मुख्य अतिथि सीयूजे के जनसंचार विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ.सुदर्शन यादव उपस्थित रहे. विद्यालय की संस्थापक मीनू मुमताज और अफरोज आलम ने उन्हें मोमेंटो और बुके दे कर सम्मानित किया. बच्चों ने एक से बढ़ कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. कार्यकम में बच्चों ने सोशल मीडिया के गलत प्रभाव, किसान की मजबूरी और परेशानी, साफ-सफाई की अहमियत, कराटे को भी बेहतरीन तारिके से दर्शाया. मुख्य अतिथि ने बच्चों को सम्मानित किया. मौके पर जिशान अफरोज, ऐमन अफरोज, महमूद आलम, रिजवान आलम, मकसूद आलम, साहिल फरहान, तानिया हसन समेत सभी शिक्षक, अभिभावक व ग्रामीण मौजूद थे.

---

## एनई जोनल आर्चरी टूर्नामेंट के लिए आरयू की टीम रवाना

**संवाददाता। सिल्ली/मुरी**



23 से 26 दिसंबर तक अयोजित होने वाले नॉर्थ ईस्ट जोनल आर्चरी टूर्नामेंट में शामिल होने के लिए रांची यूनिवर्सिटी की टीम टाटा जम्मूतवी ट्रेन से गुरुवार को रवाना हो गई. इस टीम में कुल 24 खिलाड़ी शामिल हैं. इनमें सिल्ली कॉलेज, राम लखन कॉलेज, बिरसा कॉलेज खूंटी, एसएस मेमरोयल कॉलेज के खिलाड़ी शमिल हैं. टीम में शामिल खिलाड़ियों में रिकर्व इवेंट बालक वर्ग में अभिषिक कुमार, राहुल कुमार, सचिन कुजूर व प्रधान सिंकु और बालिका वर्ग में अग्नि कुमारी, सावित्री कुमारी, सरिता कुमारी व अनुराधा कुमारी, कंपाउंड इवेंट बालक वर्ग में पवन प्रमाणिक, रोशन भगत, सुनील व चंदन शाही मुंडा और बालिका वर्ग में बबीता कुमारी, सविता कुमारी, अंजनी कुमारी व रीना कुमारी शामिल हैं. वहीं, इंडेन राउंड के बालक वर्ग में रोहित कुमार, उमेश मंडल, अपूर्वा महतो व समीर और बालिका वर्ग में वर्षा खालको, काजल कुमारी, अंकू कुमारी, धेमता कुमारी शमिल हैं. रांची यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार मुकुंद मेहता ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देकर विदा किया.

## दुर्घटना शून्य उत्पादन लक्ष्य : संजय

**संवाददाता। पिपरवार**

सीसीएल क्षेत्र के अशोका परियोजना में वार्षिक सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया. खनन क्षेत्र के बीचों बीच स्थित सीसीएल की कायाकल्प वाटिका में आयोजित इस कार्यक्रम में आगंतुक अतिथियों को प्रभारी महाप्रबंधक सह अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने श्रीफल एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया. इसके पूर्व खान सुरक्षा संकल्प लिया.

आगंतुक अतिथियों में रवींद्र बोंथा डीडीएमएस मैकेनिकल, केएस गैवाल पीओ एकेके परियोजना, कुणाल किशोर परियोजना अभियंता विद्युत एवं यांत्रिक, संदीप देवेरकोंडा, पीई एक्सावेशन, भरत कुमार यादव कोल सर्वेयर, शैलेन्द्र, यशवंत कुमार, मनीष मोहन आईएसओ, निरंजन सेनापति सहायक महाप्रबंधक, सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य रविन्द्र नाथ सिंह, एसके चौधरी, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी मुकेश चंद्र तोसान, खान प्रबंधक एसके सिंह के साथ परियोजना सलाहकार समिति एवं क्षेत्रीय सलाहकार समिति सदस्य मौजूद थे.

कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने खदान में सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए इसे हर कोल कामगार को अपनाने की जरूरत बताया. प्रभारी महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि हमारा लक्ष्य दुर्घटना शून्य उत्पादन पर आधारित है. कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों द्वारा सुरक्षा ध्वजारोहण करते हुए सभी को खदान सुरक्षा से संबंधित शपथ दिलाई गई.

**अशोका परियोजना में मना वार्षिक सुरक्षा सप्ताह**



---

सिकीदरी फुटबाल मैदान में खेला गया सदभावना चैंपियन ट्राफी का पहला क्वार्टर फाइनल मैच

# फिफ्टीन को 2-0 से हरा कर हुलहुंडू सेमीफाइनल में

**संवाददाता। सिकिदरी**



स्वर्णरेखा जल विद्युत परियोजना सिकीदरी के फुटबाल मैदान में गुरुवार को 10वें सदभावना चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट का पहले क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया. रोमांचक और संघर्षपूर्ण मुकाबले में फिफ्टीन बटालियन एफसी को 2-0 से हरा कर लिटिल स्टार एफसी हुलहुंडू की टीम सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी. अब क्वार्टर फाइनल का दूसरा मैच शनिवार को राजा स्पोर्ट्स क्लब बरियातू बनाम गुमला एफसी के बीच दोपहर दो बजे से होगा.

युवा खिलाड़ी सतीश कच्छप को झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष देवचंद मुंडा व सिकीदरी थाने के एसआई अरुण कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से मैन आफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया. मंचासीन अतिथियों में मेसरा पंचायत के पंसस सूरज प्रकाश, संदीप कुमार, रांची जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव शिवदास गोस्वामी, कांग्रेस के युवा नेता अमाल खान, विधायक प्रतिनिधि अजगूत करमाली, भाजपा नेता राजनंदन साहू व गुलाम रसूल उपस्थित थे. संचालन आयोजन समिति के प्रवक्ता शिवधर रजवार ने किया. आयोजन में मुख्य संरक्षक सह कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा, संरक्षक फारुक खान, अध्यक्ष राजेश पाहन, सचिव प्रकाश कुमार यादव, बलराम कुमार साहू का योगदान रहा.

### बिरसा मुंडा स्मारक फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन

**पिपरवार।** राय अंबेडकर मैदान में 19वां शहीद बिरसा मुंडा स्मारक फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ. उद्घाटन मुख्य अतिथि खलारी थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक फरीद आलम ने किया. विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला परिषद सदस्य अब्दुल्लाह अंसार, आजसू के रांची जिला उपाध्यक्ष नागेश्वर महतो, राय मुखिया शीला देवी, खलारी उप प्रमुख इतवारा महतो, सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, पूर्व जिप सदस्य रतिया गंझू, विधायक प्रतिनिधि श्यामसुंदर सिंह, विनोद सिंह, प्रभावित प्रतिरोध मंच के संरक्षक सोनू पांडे सुनील सिंह, समाजसेवी राजा खान, राजू खान, इंटेक्स मद्रासी मौजूद थे. सभी अतिथियों द्वारा शहीद बिरसा मुंडा, भीमराव अंबेडकर एवं स्व. महेश महतो के चित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट्रीय गान के साथ फुटबॉल को किक मार कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया. पहले मैच में प्रिंस ब्रदर्स ने आनंद स्पोर्टिंग क्लब मांडर को 1-0 हराया. वहीं दूसरे मैच को युवा क्लब सोसो ने पेनाल्टी शूटआउट में सहिया नदी पार को 4 -2 से हरा कर अपने नाम किया. तीसरा मैच सोसो बनाम प्रिंस ब्रदर के बीच खेला गया. इस मैच को 1-0 से सोसो की टीम ने जीत लिया. मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष पूर्व मुखिया प्रदीप उरांव, संरक्षक दीपक महतो, रूपेश महतो आदि थे.

---

## न्यूज अपडेट

### पल्ली के क्रिसमस कार्निवल में उमड़ी भारी भीड़



**मांडर।** विकारियट के कैथॉलिक विश्वासियों ने ख्रीस्तीय व्यवसाय समिति के बैनर तले मांडर पल्ली की अगुवाई में क्रिसमस कार्निवल की भव्य शोभा यात्रा निकाली. इसकी शुरुआत रांची के महाधर्माध्यक्ष के. मिस्सा द्वारा पूजा बलिदान कर किया गया. उन्होंने अपने संदेश में कहा बालक यीशु मसीह हमारे मुक्तिदाता, शांतिदाता और उधारकर्ता के रूप में प्रेम का संदेश लेकर इस दुनिया में आये. अंत में सबों ने क्रिसमस गीतों के साथ मस्ती की.

### राजा पीटर ने की अपने शुभचिंतकों से मुलाकात



**तमाड़।** जेल से बाहर आने के बाद तमाड़ के पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर अपने शुभचिंतकों से लगातार मिलजुल रहे हैं. इसी क्रम में गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र में उन्होंने अपने कई शुभचिंतकों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना. इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी आरती जायसवाल भी थीं. राजा पीटर ने रायडीह, सारजमडीह, बरलंगा गांव में अपने खास लोगों के घर गये और उनका हाल-चाल जाना. पीटर जिस गांव में पहुंच रहे हैं. उस गांव में लोगों का हुजूम पीटर को देखने के लिए उमड़ रहा है. राजा पीटर खासकर गरीब तबका के लोगों के बीच काफी मशहूर हैं. कोरोना काल में या अन्य कारणों से बीते कई वर्षों में दिवंगत हुए कार्यकर्ताओं के घर जाकर उनके परिजनों से भी मिले और उनका हालचाल जाना. राजा पीटर को अपने बीच देखकर लोग काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं.

### गुणवतापूर्ण शिक्षा देना हमारी प्राथमिकता : नौशाद



**मांडर।** प्रखंड स्थित अमेरिकन पब्लिक स्कूल पुंगी मोड़ मांडर में गुरूवार को एनुअल डे मनाया गया. इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया. सनी ग्रुप ने मनहोहक नृत्य कर लोगों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया. वहीं अर्चना ग्रुप के नागपुर कर कोरा नृत्य पर सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. स्कूल के डायरेक्टर मो. नौशाद ने स्कूल के संघर्ष की यात्रा बताई. उन्होंने कहा कि अपने स्थापना काल 2005 से ही स्कूल गरीब और वंचित बच्चों को अच्छी शिक्षा देने का काम कर रही है. हमलोग कम खर्च में गुणवतापूर्ण शिक्षा देने के लिए कृत्संकल्प है. कार्यक्रम का संचालन साहिल अंसारी और अशफिया परवीन ने किया. मौके पर प्रधानाध्यापक जावेद अहमद, शम्मा परवीन, रुही परवीन, दीपाली कुमारी, निर्मला खलखो, अर्श परवीन, नीलोफर परवीन, नसीम, निधि कुमारी, शबाना परवीन, निखत परवीन, तौफीक अंसारी, अफरोजी, नेहा, समेत अन्य लोग मौजूद थे.

### संत माइकल स्कूल के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**सिल्ली/मुरी।** साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित जीके ओलंपियाड परीक्षा में संत माइकल प्लस टू स्कूल, मुरी के छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा. इससे विद्यालय के सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक काफी उत्साहित हैं. सभी सफल प्रतिभागियों को स्कूल के प्रांगण में मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. स्कूल के निदेशक राकेश कुमार ने अपने आशीष वचन एवं ज्ञानवर्धक बातों से बच्चो की हौसला अफजाई की. प्राचार्य सीएल प्रजापति ने सभी विजेता बच्चों को बधाई दी. साथ ही वर्तमान समय में सामान्य ज्ञान के महत्व के बारे बताया. इस तरह की प्रतियोगिता परीक्षा में सभी बच्चे को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित भी किया. मौके पर किशोर कुमार, सुशील कुमार, रमेश गौराई, विमल साहू, सपना दत्ता, एनसी साहू, सोमांसी तिवारी, मनीषा सिंह आदि मौजूद थे.

### सुदेश ने जताया जनता व स्वयंसेवकों के प्रति आभार



**सिल्ली/मुरी।** गूंज परिवार सिल्ली द्वारा आयोजित तीन दिवसीय गूंज महोत्सव बुधवार देर रात संपन्न हो गया. गूंज परिवार के संरक्षक सह विधायक सुदेश कुमार महतो, संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह एवं गौतम कृष्ण साहू ने क्षेत्र की जनता, व्यवसायी संघ के सदस्य, महिला समिति, बुद्धिजीवी मंच, स्थानीय प्रशासन, मीडिया एवं गूंज के स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए आभार जताया. सुदेश कुमार महतो ने कहा कि पिछले 18 से 20 दिसंबर तक चले गूंज महोत्सव का शांति पूर्ण समापन हो गया. उन्होंने कहा कि मेले में अतिथि, दर्शक, क्षेत्रीय कलाकार, देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकार, बॉलीवुड झॉलीवुड के कलाकार, सिल्ली हाट में लगे विभिन्न स्टॉल के संचालक आदि क्षेत्र के बारे में अच्छी छवि लेकर गए हैं. महोत्सव को लेकर सभी का समर्पण भाव व प्रयास सराहनीय है.

## पेज 1 का शेष

### फिर बनाएंगे सरकार

**अग्निवीर योजना की पोल खोल रही है पूर्व सेनाध्यक्ष की किताब :** सोरेन ने केंद्र पर हमला करते हुए कहा कि हमारे हिस्से का 1.36 हजार करोड़ रुपए दबाए बैठा है. प्रधानमंत्री आवास का पैसा नहीं दिया. मनरेगा के हिस्से का पैसा काट दिया. लाखों राशन कार्ड धारियों को राशन बंद कर दिया. अगर हमारा बकाया पैसा मिल जाता तो हमारे राज्य का पिछड़ापन दूर हो सकता था. उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने 500 रुपए में गैस सिलिंडर देने का वादा किया, तो भाजपा ने कहा कि हम 450 रुपए में देंगे. मगर अब जब सरकार बनी गयी तो कहते हैं कि नहीं दे सकते हैं. देश की सेना में गांव के लोग अधिक जाते थे. मगर अग्निवीर के तहत काफी कम सैलरी में 4 साल की नौकरी दी जा रही है. इस योजना की पोल खुद पूर्व सेनाध्यक्ष अपनी किताब में कर रहे हैं. मोदी गांरटी की बात करते हैं, मगर यही लोग किसानों के हित के खिलाफ नया किसान कानून लाने जा रहे थे. किसानों के विरोध के कारण केंद्र सरकार वापस हुई. अब जंगलों में निजी कंपनियों को घुसाने की फिराक में हैं.

### झारखंड में स्कॉलरशिप में हुआ...

**राज्य सरकार समय पर करे पेंशन भुगतान :** एजी ने कहा है कि राज्य सरकार को समय पर पेंशन भुगतान करना चाहिए. अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजना पर कहा कि अधिकारियों के खिलाफ राज्य सरकार कार्रवाई कर सकती है. ई कल्याण का आइटी ऑडिट कराने की भी बात कही है, जिससे खामियों को दूर किया जा सके. भारत सरकार के ई-एप्लिकेशन का एनइएसपी पोर्टल पर ट्रांसफर किया जाए.

**पेंशन योजना में डाटा बेस ही तैयार नहीं :** एजी ने बताया कि पेंशन योजना के लिए लाभार्थियों का पूरा डाटा बेस ही तैयार नहीं है. विभाग के पास भी लाभार्थियों का पूरा डाटा नहीं है. इसकी जांच के लिए 29 फीसदी नमूने लिए गए, जिसमें अफसरों ने पेंशन देने में 864 दिनों तक पेंशन देने में देरी की. इस योजना में 2017 से 2021 का सोशल ऑडिट नहीं कराया गया.

